बोर्ड ऑफ स्टडीज़, फेकल्टी ऑफ यूनानी मेडिसिन, एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली (उ0 प्र0)

आज दिनांक 21/06/2023 को एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली में बोर्ड ऑफ स्टडी की मीटिंग सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये–

1. प्रो0 दिनेश कुमार मौर्य (संयोजक), डीन आयुष फेकल्टी, एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
2. प्रो0 रूबी अंजुम (बाह्य विशेषज्ञ), तहफ्फुज़ी व समाजी तिब विभाग, ए0के0टी0सी0, ए0एम0यू0 अलीगढ
3. प्रो0 इरशाद अहमद खाँ (सदस्य), प्राचार्य, हकीम रईस यूनानी मेडिकल कालेज एंव अस्पताल, सम्भल
4. डॉ0 उज़मा राहत (बाह्य विशेषज्ञ), तशरीहुल बदन विभाग अलीगढ़ यूनानी मेडिकल कालेज, अलीगढ़

सत्र 2017–18 एंव उसके पश्चात बी0यू0एम0एस0 प्रवेशित छात्रों की बी0यू0एम0एस0 अन्तिम वर्ष की परीक्षायें भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 के अनुसार कराने के सम्बन्ध में–

1. सभी सदस्यगण आनॅलाइन उपस्थित रहे।
2. अन्तिम वर्ष के विषयों का भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 के अनुसार कराने हेतु आध्यन किया गया।
3. आध्यन के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि सत्र 2017–18 एंव उसके पश्चात् सत्रों मे बी0यू0एम0एस0 प्रवेशित छात्रों की अन्तिम वर्ष की परीक्षायें भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 के प्रावधान 13 के अनुसार करायी जायेंगी। बी0यू0एम0एस0 अन्तिम वर्ष की परीक्षा हेतु विषय इस प्रकार रहेंगे–

प्रश्नपत्रों की संख्या तथा सिद्धान्त/क्रियात्मक के लिये अंकः–

बी0यू0एम0एस0 अन्तिम व्यावसायिक				
विषय का नाम	अधिकतम अकों का विवरण			
	प्रश्नपत्रों की संख्या	सिद्धान्त (Theory)	क्रियात्मक (Practical)	कुल (Total)
1. मोआलाजात प्रश्न पत्र(i)–अमराज़–ए–निज़ाम–ए–दिमाग वा आसाब तथा बाह, हुम्मियत प्रश्न पत्र(ii)–अमराज़–ए–तानापफुस, दौरान–ए–खून, तौलीद–ए–दम, तिहाल प्रश्न पत्र(iii)–अमराज़–ए–हज़्म, बौल ओ तानासुल, अमराज़–ए–मुताद्दीयाह	तीन	100 100 100	100	400

21/6/2023
MR. D.K. MURYA

DR IRSHAD AHMAD KHAN

DR RUBY ANJUM.

DR UZMA Rahat

2. अमराज़े निस्वान	एक	100	100	200
3. इल्मुल कबालत वा नौमौलूद	एक	100	100	200
4. इल्मुल जराहत प्रश्न पत्र(i)–जराहत उमूमी प्रश्न पत्र(ii)–जराहत निज़ामी	दो	100 100	100	300
5. ऐन, उज़्न, अन्फ, हलक वा अस्नान	एक	100	100	200
6. अमराज़े जिल्द व तज़ीनियात	एक	100	100	200

4. सत्र 2016–17 एंव उससे पूर्व सत्रों में बी0यू0एम0एस0 प्रवेशित छात्रों की बी0यू0एम0एस0 अन्तिम वर्ष की परीक्षायें पूर्व की भांति भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) संशोधन विनियम, 2013 के अनुसार ही करायी जायेंगी।
5. इसी निर्णय को सर्वसम्मति से पारित किया गया।
6. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 की सत्यापित प्रति संलग्न है। (संलग्नक नं0 1)
7. एन0सी0आई0एस0एम0 द्वारा निर्धारित बी0यू0एम0एस0 अन्तिम वर्ष के सिलेबस की प्रति संलग्न है। (संलग्नक नं0 2)
8. विषयवार विषय विशेषज्ञों की सूची संलग्न है। (संलग्नक नं0 3)

उपस्थित सदस्यगण

हस्ताक्षर

1. प्रो0 दिनेश कुमार मौर्य (संयोजक)
2. प्रो0 रूबी अंजुम (बाह्य विशेषज्ञ)
3. प्रो0 इरशाद अहमद खाँ (सदस्य)
4. डॉ0 उज़मा राहत (बाह्य विशेषज्ञ)

21/6/2023
21/6/23

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 397] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 7, 2016/कार्तिक 16, 1938
No. 397] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 7, 2016/KARTIKA 16, 1938

भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2016

सं. 11-76/2016 (यू.जी.रेगु).—भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्, अधिनियम, 1970 (1970 का 48) की धारा 36 की उप-धारा (1) के खंड (झ), (ञ) और (ट) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्, केन्द्र सरकार की पूर्व स्वीकृति से "भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 1986 में आगे संशोधन करते हुए निम्न विनियमों का निर्माण करती है, यथा:-

1.संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ :-

(1) इन विनियमों को भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 कहा जायेगा।

(2) ये विनियम सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् (भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 1986 की विद्यमान अनुसूची-3 के लिए निम्न को प्रतिस्थापित किया जाएगा, यथा :-

अनुसूची-III
(विनियम 7 देखें)

कामिल -ए-तिब-वा--जरहत पाठ्यक्रम हेतु न्यूनतम मानक

1. यूनानी शिक्षा के उद्देश्य एवं प्रयोजन .- यूनानी की स्नातक शिक्षा का उद्देश्य व्यापक प्रायोगिक यूनानी के बुनियादी सिद्धांतो के साथ आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान व व्यवहारिक परीक्षण के संयुक्त गहरी मौलिकता के सम्पन्न उद्गमट विद्वता के स्नातकों को तैयार करना जिससे वे देश की चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं में सहायता करने के लिए पूर्णता सक्षम यूनानी पद्धति के चिकित्सक तथा शल्य चिकित्सक तथा अनुसंधानकृत हो सकेंगे।

2. प्रवेशार्हता :- यूनानी की स्नातकीय शिक्षा में प्रवेश योग्यता निम्न प्रकार है :-

(A) कामिल-ए-तिब या जरहात (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी) बी0यू0एम0एस पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यार्थी को निम्न में उत्तीर्ण होना होगा।

21/6/2023

(क) विज्ञान विषय के साथ 12वीं कक्षा या सम्बन्धित राज्य सरकारों तथा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यताप्राप्त कोई अन्य समकक्ष परीक्षा बशर्ते कि अभ्यर्थी ने भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान विषयों में 50: समुच्चय अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अथवा उसके समकक्ष परीक्षा तथा अभ्यार्थी को एक विषय के रूप में उर्दू या अरबी या फारसी भाषा सहित दसवीं दरजा उत्तीर्ण होना चाहिए, अथवा विश्वविद्यालय या बोर्ड या पंजीकृत सोसायटी, जो भारत सरकार द्वारा ऐसी परीक्षा आयोजन कराने हेतु प्राधिकृत हो, द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में उर्दू उत्तीर्ण हो

(ख) आरक्षित श्रेणी या विशेष श्रेणी जैसा कि शारीरिक विकलांग छात्रों 10+2 के बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एण्ड सर्जरी में प्रवेश हेतु तत्फाल लागू नियमानुसार अंकों में छूट दी जायेगी।

(ग) विदेशी छात्रों के लिए कोई भी अन्य समकक्ष अर्हता जो कि सम्बन्धित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो ।

(घ) एक वर्ष की अवधी की प्राग-तिब परीक्षा।

(B) प्राग–तिब पाठ्यकम में प्रवेश–एक वर्षीय प्राग–तिब पाठ्यकम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी को निम्न में उत्तीर्ण होना होगा,–

(क) इन्टरमीडिएट परीक्षा (10+2) के समकक्ष प्राच्य अर्हता जैसा कि निम्न तालिका में विनिर्दिष्ट है; अथवा

तालिका

यूनानी उपाधि पाठ्यकम के प्राग–तिब पाठ्यकम में प्रवेश के प्रयोजन हेतु हायर सैकेन्ड्री अथवा इन्टरमीडिएट अथवा 12 वीं दर्जा के समकक्ष अरबी फारसी में प्राच्य अर्हता की सूची–

क्रम संख्या	संस्था का नाम	अर्हता
1.	लखनऊ विश्वविद्यालय	फाजिल–ए–अदब अथवा फाजिल–ए–तफसीर
2.	दारूल उलूम नदवतुल–उल्मा, लखनऊ	फाजिल
3.	दारूल, उलूम, देवबंद, जिला–सहारनपुर	फाजिल
4.	अल–जामियत–उल सल्फियाह, मरकजी दारूल–उलूम, वाराणसी	फाजिल
5.	अरबी व फारसी परीक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद अथवा उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ	फाजिल
6.	मदरसा फैज़ेआम, मऊ नाथ भंजन, आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
7.	दारूल हदीस, मऊ नाथ भंजन, आज़मगढ़ (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
8.	जामियत–उल–फ़लाह, बिलरियां गंज, आज़मगढ़ (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
9.	दारूल उलूम अशरफिया मिसबाहुल उलूम, मुबारकपुर, आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
10.	जामिया सिराजुल उलूम, बूंधीयार, गोंडा (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
11.	जामिया फारूकिया, सबराबाद, वाया शाहगंज, जिला–जौनपुर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
12.	मद्रास विश्वविद्यालय, चैन्नई	आदिब–ए–फ़ाज़िल
13.	दारूल उलूम अरबी महाविद्यालय, मेरठ शहर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
14.	मदरसा मजाहिर उलूम, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
15.	राजकीय मदरसा–ए–आलिया, रामपुर	फाजिल
16.	अल–जामियतुल इस्लामिया, नूर बाग, ठाड़े, मुंबई	फाजिल
17.	अल–जामियत–उल मोहम्मदिया, मनसूरा, मालेगाँव	फाजिल
18.	अल–जामियतुल इस्लामिया इस–हात–उल उलूम, अक्कलकुआ, जिला–धूलिया	फाजिल
19.	बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना	फाजिल
20.	जामिया–तुस–सालेहत, रामपुर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
21.	मदरसा–तुल–इस्लाह, सरायमीर, आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
22.	जामिया दारूस सलाम, मलेरकोटला (पंजाब)	फाजिल
23.	खैरूल उलूम, अल–जामियातुल इस्लामिया, डुमरिया गंज, जिला–सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
24.	मदरसा दारूल हुदा, यूसुफपुर, वाया नौगढ़, जिला–सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश)	फाजिल
25.	जामिया इस्लामिया अल्माहद ओखला, नई दिल्ली अथवा जामिया इस्लामिया सनाबिल, अबुल फज़ल एन्क्लेव–II, नई दिल्ली	फाजिल
26.	दारूल उलूम अरबिय्याह इस्लामिया, पोस्ट कनथारिया, भरूच (गुजरात)	फाजिल
27.	दारूल उलूम राशिदिया, नागपुर	फाजिल

21/6/23

(ख) राज्य सरकार अथवा सम्बन्धित राज्य शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त इन्टरमीडिएट परीक्षा (10+2) के समकक्ष प्राप्य अर्हता।

3. पार्श्विक प्रवेश के द्वारा प्रवेश: कामिल–ए–तिब–या–जराहत (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी–बी.यू.एम.एस.) हेतु अनुमत प्रवेश क्षमता की कुल संख्या में से दस सीटें प्रति वर्ष मुख्य पाठ्यक्रम में पार्श्विक प्रवेश (प्राग–तिब पाठ्यक्रम) के द्वारा प्रवेश हेतु आरक्षित होंगी। बाकी सीटें पात्रता खंड 2(क) में उल्लेख मानदंड का पालन करते हुए भरी जा सकती है।

4. पाठ्यक्रम की अवधि: (क) प्राग तिब पाठ्यक्रम: पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष होगी ; तथा

(ख) उपाधि (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी–बी.यू.एम.एस.) पाठ्यक्रम: पाठ्यक्रम की अवधि पांच वर्ष तथा छः माह होगी जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित सम्मिलित होंगे:–

i.	प्रथम व्यावसायिक सत्र –	बारह माह
ii.	द्वितीय व्यावसायिक सत्र–	बारह माह
iii.	तृतीय व्यावसायिक सत्र–	बारह माह
iv.	अंतिम व्यावसायिक सत्र–	अट्ठारह माह
v.	अनिवार्य आवर्ती विशाखानुप्रवेश–	बारह माह

5. प्रदान की जाने वाली उपाधि: अभ्यार्थी को अध्ययन की विस्तृत नियत अवधि पूर्ण करने, पश्चात् सभी परिक्षाए उत्तीर्ण करने तथा 12 माह के अनिवार्य आवर्ती विशिखानुप्रवेश के पूर्ण करने के पश्चात् यूनानी (बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एण्ड सर्जरी–बी.यू.एम.एस.) उपाधि प्रदान की जाएगी।

6. शिक्षा का माध्यम: पाठ्यक्रम हेतु शिक्षा का माध्यम उर्दू अथवा हिन्दी अथवा कोई मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय भाषा अथवा अंग्रेजी होगी।

7. परीक्षा की योजना: (1) (क) प्रथम व्यावसायिक सत्र साधारणतया जुलाई में प्रारम्भ होगा तथा प्रथम व्यावसायिक परीक्षा प्रथम व्यावसायिक सत्र के एक शैक्षणिक वर्ष की समाप्ति पर होगी।

(ख) प्रथम व्यावसायिक परीक्षा निम्नलिखित विषयों में होगी :–

i. अरबी तथा मन्तिक वा फलसिफा;
ii. कुल्लियात उमूरे तबिया (यूनानी चिकित्सा के मूलभूत सिद्धान्त);
iii. तशरीहुल बदन (एनॉटमी);
iv. मुनाफिउल आज़ा (फीज़ियोलॉजी)

(ग) प्रथम व्यावसियक पाठक्रम में अनुत्तीर्ण छात्र द्वितीय व्यावसायिक पाठ्क्रम हेतु निबन्धन के लिए पात्र होगा, तथापि जब तक वे छात्र प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषय में उत्तीर्ण नहीं हो सकता, तब तक उस छात्र को तृतीय व्यावसायिक परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी एवं प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषय उत्तीर्ण करने के अधिकतम तीन वर्षों में अधिकतक चार अवसर दिए जाएगें।

(2) (क) द्वितीय व्यावसायिक सत्र प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में प्रारम्भ होगा। द्वितीय प्रथम व्यावसायिक परीक्षा साधारणतया पूर्ण होने के पश्चात् एवं द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा सत्र के एक वर्ष के पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष मई/जून माह के अंत तक होगी तथा पूरी की जायेगी।

(ख) द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा निम्न विषयों में होगी यथा:-

(i) तारीखे तिब (चिकित्सा का इतिहास)
(ii) तहफुजी वा समाजी तीब (प्रीवेदन एण्ड कम्युनिटी मेडिकल)
(iii) इल्मुल अदविया (फ़ार्माकोलॉजी)
(iv) महियातुल अमराज

(ग) द्वितीय व्यावसायिक के अनुत्तीर्ण छात्र जिसने प्रथम व्यावसायिक परीक्षा के समस्त विषय उत्तीर्ण कर लिए हैं को तृतीय व्यावसायिक परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जायेगी, लेकिन छात्र को तब तक अन्तिम व्यावसायिक परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी तब तक छात्र द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषयों को उत्तीर्ण नहीं कर लेता और उसे द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषय अधिकतम तीन वर्षों में उत्तीर्ण करने हेतु अधिकतम चार अवसर दिए जायेगें।

(3) (क) तृतीय व्यावसायिक सत्र द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में प्रारम्भ होगा। एवं तृतीय व्यावसायिक परीक्षा साधारणतया तृतीय व्यावसायिक सत्र के एक वर्ष के पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष मई/जून माह के अंत तक होगी तथा पूरी की जायेगी।

(ख) तृतीय व्यावसायिक परीक्षा निम्न विषयों में होगी यथा, :-

(i) सम्प्रेषण कौशलय
(ii) इलमुल सैदला वा मुरक्काबात
(iii) तिब्बे कानूनी व इलमुल समूम (जूरीस प्रडेन्स एण्ड टोक्सीकोलोजी)

21/8/23

(iv) सरीरियात वा उसूले इलाज (क्लीनिकल मेथडस)

(v) इलाज बित तदबीर (रेजीमेनल थैरेपी)

(vi) इलमुल अत्फाल (पीडियाट्रिक्स)

(ग) तृतीय व्यावसायिक अनुत्तीर्ण छात्र जो प्रथम एवं द्वितीय व्यावसायिक परीक्षा के सभी विषयों में उत्तीर्ण होगा उसे अन्तिम व्यावसायिक परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अनुमति दी जायेगी एवं उसे अधिकतम तीन वर्षों में तृतीय व्यावसायिक परीक्षा चार अधिकतम अवसरों में उत्तीर्ण करने की अनुमति दी जायेगी।

(4) (क) अंतिम व्यावसायिक सत्र 1 वर्ष एवं छः माह की अवधि का होगा तथा तृतीय व्यावसायिक परीक्षा के पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में प्रारम्भ होगा एवं अंतिम व्यावसायिक परीक्षा साधारणतया अंतिम व्यावसायिक सत्र के 1) वर्ष एवं छः माह पूर्ण होने के पश्चात् प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह के अंत तक होगी तथा पूरी की जायेगी।

(ख) अंतिम व्यावसायिक परीक्षा में निम्नलिखित विषय समाविष्ट होंगे :-

(i) मोआलीजात (मेडिसिन)

(ii) अमराजे निस्वान (गाइनोकोलोजी)

(iii) इलमुल कबालावा नौमीजूद (आबस्टेट्रिक्स) एण्ड म्योनादीलाजी)

(iv) इल्मुल जराहत (सर्जरी)

(v) एन, उजन, अन्फ,हलक,वा अस्नान (नेत्र, कान, कण्ठ, तथा दंत चिकित्सा

(vi) अमराजे जिल्द वा तजिनियात

(ग) चार व्यावसायिक परीक्षाओं के किसी परीक्षा में चार अवसरों के पश्चात् अनुत्तीर्ण छात्र को नियमित अध्यन की अनुमति नहीं दी जायेगी :
बशर्ते कि, छात्र की गंभीर व्यक्तिगत बीमारी के मामले में तथा किसी अपरिहार्य परिस्थिति में, संबंधित विश्वविद्यालय का उप- कुलपति चार व्यावसायिक परीक्षा में से किसी में भी एक अधिक अवसर प्रदान कर सकता है।

(घ) अनिवार्य विशिखानुप्रवेश प्रोग्राम में पात्रता हेतु समस्त चार व्यावसायिक परीक्षाओं को अधिकतम नौ वर्षों में उपरोक्त अनुसार उत्तीर्ण करना होगा।

8. अनिवार्य आवर्ती विशिखानुप्रवेश (1) अनिवार्य विशिखानुप्रवेश की अवधि एक वर्ष होगी और छात्र प्रथम से अन्तिम व्यावसायिक परीक्षा के समस्त विषय उत्तीर्ण करने के पश्चात् अनिवार्य विशिखानुप्रवेश में सम्मिलित होने का पात्र होगा एवं विशिखानुप्रवेश अन्तिम व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के पश्चात प्रारम्भ होगा।

(2) विशिखानुप्रवेश का कार्यक्रम एवं समय का विभाजन निम्नवत् निम्न प्रकार होगा:-

(क) प्रशिक्षुओं को एक अभिविन्यास कार्यशाला जिसे विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम के प्रारम्भ के प्रथम तीन दिवसों के दौरान आयोजित किया जायेगा, मे नियमों एवं विनियमों सहित विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम के ब्यौरे से सम्बन्धित एक अभिविन्यास दिया जायेगा। एवं प्रत्येक प्रशिक्षु को एक कार्य-पुस्तिका दी जायेगी। प्रशिक्षु अपने प्रशिक्षण के दौरान उन गतिविधियों के तिथिवार ब्यौरे की प्रविष्टि करेगा।

(ख) प्रत्येक प्रशिक्षु विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित होने से पूर्व सम्बन्धित राज्य बोर्ड/परिषद् में अपना नाम अस्थाई रूप से पंजीकृत कराएगा तथा इस संबंध में प्रमाण-पत्र प्राप्त करेगा।

(ग) प्रशिक्षु का दैनिक कार्य-समय 8 घंटे से कम का नहीं होगा।

(घ) कोई भी प्रशिक्षु अस्पताल के विभागाध्यक्ष अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अथवा चिकित्सा अधीक्षक की पूर्व अनुमति के बिना उसकी अस्पताल की ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं रहेगा।

(ड) विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम के सन्तोषजनक रूप से पूर्ण होने पर सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अभ्यर्थियों को विशिखानुप्रवेश प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

(च) सामान्यतः एक वर्षीय विशिखानुप्रवेश कार्यक्रम महाविद्यालय से संलग्न यूनानी अस्पताल में छः माह के नैदानिक(क्लीनिकल) प्रशिक्षण एवं पी. एच.सी/सी.एच.सी./ग्रामीण अस्पताल/जिला अस्पताल/सिविल अस्पताल अथवा आधुनिक चिकित्सा के किसी सरकारी अस्पताल में छः माह के नैदानिक(क्लीनिकल) प्रशिक्षण में विभक्त किया जायेगा।
बशर्ते जिस राज्य में राज्य सरकार की अनुमति यूनानी स्नातकों को आधुनिक विज्ञान के अस्पताल एवं औषधालय में अनुमति नही है एक वर्ष का विशिखानुप्रवेश यूनानी महाविद्यालय के अस्पताल में पूर्ण कराया जायेगा ।

(3) महाविद्यालय से संलग्न यूनानी अस्पताल में यथास्थिति छः/बारह माह का नैदानिक (क्लीनिकल) प्रशिक्षण निम्नवत् संचालित किया जायेगा या भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद द्वारा अनुमोदित नाम टीचिंग अस्पताल में निम्न प्रकार संचालित किया जायेगा :-

क्र.सं. विभाग	छः माह का विभाजन	बारह माह का विभाजन
1. मोआलाजात इलाज बीद तदबीर और अमराजे जिल्द व तजीनियात को सम्मिलित करते हुए	2 माह	4 माह
2. जराहत	1 माह	2 माह
3. अमराज–ए–एन,उज्न, अनफ–हलक वा अस्नान	1 माह	2 माह
4. प्रसूति एवं स्त्रीरोग अमराजे कबालात व अमराजे निस्वा	1 माह	2 माह
5. अमराजे अत्फाल	15 दिन	1 माह
6. तहफ्फूजी–वा–समाजी तिब्ब (प्रीवेन्टिव एण्ड कम्युनिटी मेडीसिन)	15 दिन	1 माह

Rdy 21/6/23 ARehmt

(4) प्रशिक्षुओं का छः माह का प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम से प्रशिक्षुओं को अवगत एवं परिचित कराने के उद्देश्य से कार्यान्वित किया जायेगा। प्रशिक्षुओं को ऐसे प्रशिक्षण का उत्तरदायित्व लेने हेतु निम्नलिखित में से किसी एक संस्थान में सम्मिलित होना होगा-

(क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

(ख) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/जिला अस्पताल

(ग) आधुनिक चिकित्सा का कोई अस्पताल

(घ) कोई मान्यता प्राप्त अथवा अनुमोदित यूनानी अस्पताल अथवा औषधालय;

बशर्ते उपर्युक्त खण्ड (क) से (घ) में उल्लिखित सभी संस्थाओं को ऐसे प्रशिक्षण देने हेतु सम्बन्धित विश्वविद्यालय तथा सम्बन्धित सरकारी अभिहित प्राधिकरण द्वारा मान्यताप्राप्त होना होगा।

(5) <u>विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु विस्तृत दिशा निर्देश</u>

महाविद्यालय के साथ संलग्न आयुर्वेदिक अस्पताल में 06/12 माह का विशिखानुप्रवेश नैदानिक(क्लीनिकल) प्रशिक्षण संचालित करने हेतु दिशानिर्देश। प्रशिक्षु को नीचे दर्शाये गये सम्बन्धित विभागों में निम्नलिखित गतिविधियों का उत्तरदायित्व लेना होगा:-

(क) मोआलाजात- इस विभाग में विशिखानुप्रवेश की अवधि दो माह या चार माह निम्न क्रियाकलापों सहित होगी :-

(i) सभी नैत्यक कार्य जैसे रूग्ण इतिवृत्त लेना, जांच, रोग निदान तथा सामान्य रोगों का आयुर्वेद चिकित्सा द्वारा प्रबन्धन।

(ii) यूनानी पद्धति द्वारा नब्ज, बौल-औ-बराज परिक्षण नैत्यक चिकित्सीय नैदानिक विकृति परीक्षण कार्य जैसे हिमोग्लोबिन का आंकलन, पूर्ण हिमोग्राम, मूत्र विश्लेषण, रक्त परजीवियों का सूक्ष्मदर्शीय परीक्षण, ष्ठीवन परीक्षण एवं मल परीक्षा आदि। आयुर्वेद पद्धति से मल मूत्र परीक्षण। प्रयोगशाला के जाँच परिणाम का प्रतिपादन तथा चिकित्सीय जांच तथा निदान करना।

(iii) नैत्यक वार्ड प्रक्रिया में प्रशिक्षण तथा रोगी के आहार तथा आदतों की देख-रेख करना तथा औषधि कार्यक्रम का सत्यापन करना।

(iv) इलाज बित तदबीरः विभिन्न रेजीमेनल चिकित्सा की प्रक्रियाएं तथा तकनीकें

(v) अमराजे जिल्द व तजीनियातः आधुनिक उपकरण एवं तरीकों को प्रयोग करते हुए त्वचा के विभिन्न रोगों की जांच एवं निदान एवं प्रसाधन।

(ख) जराहतः- इस विभाग में विशिखानुप्रवेश की अवधि एक माह या दो माह होगी एवं प्रशिक्षु को निम्नलिखित क्रियाकलापों से परिचित एवं प्रशिक्षित किया जायेगा :-

प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित कराने हेतु प्रशिक्षित किया जाना चाहियेः-

i. यूनानी सिद्धान्तों के अनुसार सामान्य शल्य विकार का निदान तथा प्रबन्धन।

ii. अवश्यंभावी शल्य आपात्काल जैसे अस्थिभंग तथा सन्धि-च्युति, उदरीय आपात स्थिति इत्यादि का प्रबन्धन।

iii. सेप्टिक, एन्टीसेप्टिक तकनीक तथा जीवाणुनाशन इत्यादि का प्रयोगात्मक परीक्षण।

iv. प्रशिक्षु को पूर्व शल्यक्रिया कर्म तथा पश्चात् शल्यक्रिया कर्म प्रबन्धनों में आवेष्टित किया जाना चाहिये।

v. संवेदनाहारी तकनीक का व्यवहारिक प्रयोग तथा संवेदनाहारी औषध का प्रयोग।

vi. विकिरण चिकित्सा विज्ञान प्रक्रिया, एक्स-रे का नैदानिक प्रतिपादन, आई.वी.पी., बेरियम मील, सोनोग्राफी इत्यादि और ई.सी.जी.

vii. शल्य प्रक्रिया तथा नैत्यक वार्ड तकनीक जैसे :-

(क) ताजा कटे/घाव को टांका लगाना

(ख) घाव, जले, फोड़े इत्यादि की मरहम-पट्टी

(ग) फोड़े का चीरा

(घ) रसौली का उच्छेदन

(ड.) शिराशल्यक्रिया इत्यादि

(ग) अमराजे एन, उज़न, अन्फ–हलक वा अस्नान -इस विभाग में विशिखानुप्रवेश की अवधि एक माह या दो माह होगी एवं प्रशिक्षु को निम्नलिखित क्रियाकलापों से परिचित एवं प्रशिक्षित किया जायेगा प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित कराने हेतु प्रशिक्षित किया जाना चाहिये-

(i) यूनानी सिद्धान्तों के अनुसार सामान्य शल्य विकार का निदान तथा प्रबन्धन;

(ii) प्रशिक्षु को पूर्व शल्यक्रिया कर्म तथा पश्चात् शल्यक्रिया कर्म प्रबन्धनों में आवेष्टित किया जाना चाहिये;

(iii) कान, नाक, कंठ, दंत, नेत्र संबंधी समस्याओं हेतु शल्य प्रक्रिया;

(iv) नेत्र, कान, नाक, कंठ, दृष्टि दोष आदि की तत्सम्बन्धित उपकरणों से बहिरंग विभाग में जाँच। नेत्र, कान, नाक, कंठ दोष दृष्टि दोष आदि की जांच, नेत्र सम्बन्धी रोगों के निदान हेतु नेत्र सम्बन्धी उपकरण का प्रयोग, बधिरता हेतु विभिन्न जांचे; एवं

(v) बाह्य–रोगी विभाग स्तर लघु शल्य प्रक्रिया पर प्रक्रियाएं जैसे सिरिंज से साफ करना तथा ऐनट्रम वाश, एपिस्टेक्सिस में नाक का संवेष्टन (पैकिंग), हलक से विजातीय शरीरों को हटाना।

21/6/23

(ङ) इल्मुल–कबालत वा–अमराजे निस्वानः - इस विभाग में विशिखानुप्रवेश की अवधि एक माह या दो माह होगी एवं प्रशिक्षु को निम्नलिखित क्रियाकलापों से परिचित एवं प्रशिक्षित किया जायेगा :-

i. प्रसव–पूर्व तथा प्रसवोत्तर समस्याएं तथा उनका उपचार;
ii. प्रसव–पूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल;
iii. सामान्य तथा असामान्य प्रसव का प्रबन्धन;
iv. लघु तथा दीर्घ प्रासविक शल्य प्रक्रियाएं;

(च) अमराजे अतफाल-इस विभाग मे विशिखानुप्रवेश की अवधि पन्द्रह दिन या एक माह होगी एवं प्रशिक्षु को निम्नलिखित क्रियाकलापों से परिचित एवं प्रशिक्षित किया जायेगा:- प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित कराने हेतु प्रशिक्षित किया जाना चाहिये-

i. प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्तर समस्याएं तथा उनका उपचार, यूनानी के सिद्धान्तों तथा चिकित्सा द्वारा भी प्रसवपूर्व तथा प्रसवोत्तर देखभाल;
ii. प्रसव–पूर्व तथा प्रसवोत्तर आपातकाल;
iii. प्रतिरक्षण कार्यक्रम सहित नवजात शिशु की देखभाल
iv. यूनानी चिकित्सा पद्धति में महत्वपूर्ण कौमार भृत्य समस्याएं तथा उनका प्रबन्धन।

(छ) तहफ्फुजी–वा–समाजी तिब्ब–इस विभाग में विशिखानुप्रवेश की अवधि पन्द्रह दिन अथवा एक माह होगी तथा प्रशिक्षु को पोषण संबंधी रोगों सहित स्थानीय रूप से प्रचलित स्थानिक रोगों से बचाव तथा नियन्त्रण कार्यक्रमों, प्रतिरक्षण, संक्रमण रोगों का प्रबन्धन, परिवार कल्याण योजना कार्यक्रमों से परिचित कराने हेतु प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

(6) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा ग्रामीण अस्पताल अथवा जिला अस्पताल अथवा सिविल अस्पताल अथवा आधुनिक चिकित्सा के किसी सरकारी अस्पताल में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षणः प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अथवा जिला अस्पताल अथवा आधुनिक चिकित्सा के किसी मान्यताप्राप्त अथवा अनुमोदित अस्पताल अथवा यूनानी अस्पताल अथवा औषधालय में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण की छः माह की अवधि के दौरान, प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित होना चाहिए:–

(i) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की नित्यचर्या तथा उनके अभिलेख का अनुरक्षण।
(ii) प्रशिक्षुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा/गैर चिकित्सा स्टॉफ की नित्यचर्या से परिचित होना चाहियें तथा इस अवधि में उन्हें स्टॉफ के साथ सदैव सम्पर्क में रहना चाहिये।
(iii) उन्हें पंजिका उदाहरण स्वरूप दैनिक रोगी पंजिका, परिवार नियोजन पंजिका, शल्य पंजिका के अनुरक्षण के कार्य से परिचित होना चाहिए तथा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिये; तथा
(iv) उन्हें राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिये।

(7) ग्रामीण यूनानी औषधालय अथवा अस्पताल में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षणः ग्रामीण यूनानी औषधालय अथवा अस्पताल में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण के छः माह की अवधि के दौरान प्रशिक्षु को निम्नलिखित से परिचित होना चाहिये:–

(i) ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में अधिक प्रचलित रोग तथा उनका प्रबन्धन तथा
(ii) ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य अनुरक्षण विधि का शिक्षण तथा विभिन्न प्रतिरक्षण कार्यक्रम में भी शामिल होना।

(8) आधुनिक चिकित्सा के किसी मान्यताप्राप्त अस्पताल के हताहत अनुभाग में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण आधुनिक चिकित्सा के किसी मान्यताप्राप्त अस्पताल के हताहत अनुभाग में विशिखानुप्रवेश प्रशिक्षण के छः माह के दौरान प्रशिक्षु को

i. हताहत तथा अभिघात मामलों की पहचान तथा उनके प्राथमिक उपचार से परिचित कराया जायेगा; तथा
ii. ऐसे मामलों को सम्बन्धित अस्पतालों के पास भेजने की प्रकिया से परिचित कराया जायेगा।

9. विशिखानुप्रवेश का मूल्यांकन .- विभिन्न विभागों में उन्हें आबंटित किये गये कार्य को पूरा करने के पश्चात् उन्हें संबंधित विभाग में उनके द्वारा किये गये सेवानिष्ठ कार्य के संबंध में विभागाध्यक्ष द्वारा दिया गया प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा तथा अन्ततः उसे संस्थान के प्रधानाचार्य/प्रधान के समक्ष प्रस्तुत करना है जिससे कि सफलतापूर्वक किये गये विशिखानुप्रवेश का समापन स्वीकृत किया जा सके।

10. विशिखानुप्रवेश का स्थानान्तरण.- (1) दो भिन्न विश्वविद्यालयों के महाविद्यालयों के बीच स्थानान्तरण के मामले में विशिखानुप्रवेश का स्थानान्तरण महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय दोनों की सहमति मात्र से ही होगा।

(2) समान विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के बीच स्थानान्तरण के मामले में मात्र दोनों महाविद्यालयों की सहमति की आवश्यकता होगी।

(3) यथास्थिति संस्थान अथवा महाविद्यालय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र तथा महाविद्यालय व विश्वविद्यालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र के साथ अग्रेषित किये गये आवेदन के प्रस्तुत किये जाने पर स्थानान्तरण विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

11 परीक्षा.- (1) सिद्धान्त परीक्षा में अधिकतम 40% तक के अंको के न्यूनतम 20% लघुत्तरीय प्रश्न तथा अधिकतम 60% तक के अंको के न्यूनतम 4 व्याख्यात्मक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। इन प्रश्नों में विषय का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम सम्मिलित होगा।

(2) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए प्रत्येक विषय में सिद्धान्त एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में पृथक–पृथक न्यूनतम 50% अंक आवश्यक होंगे तथा उन विषयों में जिसमें दो प्रश्न–पत्र तथा एक सामान्य प्रयोगात्मक परीक्षा सम्मिलित हो, वहां सिद्धान्त के प्रश्न–पत्रों को उत्तीर्ण करने के मापदंड का निर्णय दोनों प्रश्न–पत्रों के कुल मिलाकर 50% अंक प्राप्त करने के आधार पर लिया जायेगा।

21/6/23

(3) विषय में 75% अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को उस विषय में विशेष योग्यता प्रदान की जायेगी।

(4) यदि कोई अभ्यर्थी सिद्धान्त अथवा प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे सिद्धान्त तथा प्रयोगात्मक परीक्षा की पूरक परीक्षा में भी उपस्थित होना होगा।

(5) पूरक परीक्षा नियमित परीक्षा के 6 माह के भीतर होगी तथा अनुत्तीर्ण छात्र यथास्थिति इसकी पूरक परीक्षा में बैठने हेतु पात्र होंगे।

(6) प्रत्येक छात्र को प्रत्येक पाठ्यक्रम के दौरान प्रत्येक विषय में दिये गये तीन–चौथाई व्याख्यानों, प्रयोगों अथवा प्रदर्शन अथवा नैदानिक में भाग लेना अपेक्षित होगा तथा प्रत्येक छात्र को वर्ष के दौरान महाविद्यालय की शैक्षिक भ्रमण अथवा दौरों में भाग लेना आवश्यक होगा। परन्तु अधिष्ठाता अथवा प्राचार्य प्रत्येक मामले की व्यक्तिगत योग्यता पर जितना आवश्यक समझे किसी को इनमें भाग लेने से छूट दे सकता है।

(7) यदि कोई छात्र किसी संज्ञानात्मक–कारण के कारण नियमित परीक्षा में बैठने में असफल हो जाता है, तो वह पूरक परीक्षा में नियमित छात्र के रूप में बैठेगा। नियमित परीक्षा में उसकी अनुपस्थिति एक प्रयत्न के रूप में नहीं समझी जायेगी। ऐसे छात्र परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् नियमित छात्रों के साथ अध्ययन में भाग लेंगे तथा अध्ययन की आवश्यक अवधि के पूर्ण होने के पश्चात् अगली व्यावसायिक परीक्षा हेतु उपस्थित होंगे।

(8) विषय में कक्षा कार्य के निर्धारण के समय निम्न तथ्यों को विचाराधीन रखा जायेगा:-

(क) उपस्थिति में नियमितता

(ख) आवधिक परीक्षा

(ग) प्रयोगात्मक पुस्तिका कार्य

12.पाठ्यक्रम के दौरान स्थानान्तरण.- (1) छात्र को किसी अन्य महाविद्यालय से अपना अध्ययन जारी रखने हेतु प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् स्थानान्तरण लेने की अनुमति दी जायेगी। अनुत्तीर्ण छात्रों को स्थानान्तरण तथा मध्यावधि स्थानान्तरण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(2) स्थानान्तरण हेतु, छात्र को दोनों महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों की आपसी सहमति प्राप्त करनी होगी तथा स्थानान्तरण रिक्त सीट की सुनिश्चिति व भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात् होगा।

13. प्रश्न पत्रों की संख्या तथा सिद्धान्त/कियात्मक के लिये अंक.-

विषय का नाम	शिक्षण के घण्टों की संख्या			अधिकतम अंकों का विवरण			
	सिद्धान्त	कियात्मक	कुल	प्रश्न पत्रों की संख्या	सिद्धान्त	कियात्मक	कुल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
प्राग तिब							
1. तबियत (भौतिक विज्ञान)	180	90	270	एक	100	100	200
2. कीमिया (रसायन विज्ञान)	180	90	270	एक	100	100	200
3. नबातियत (वनस्पति विज्ञान)	180	90	270	एक	100	100	200
4. हैवानियत (जन्तु विज्ञान)	180	90	270	एक	100	100	200
5. अंग्रेजी	180	—	180	एक	100	—	100
टिप्पणी: निकट के किसी विज्ञान महाविद्यालय में प्राग तिब पाठ्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है।							
प्रथम व्यावसायिक							
1. अरबी तथा मन्तिक या फलसिफ़ा	100	—	100	एक	100	—	100
2. कुल्लियात उमूरे तिबिया (यूनानी चिकित्सा के मूलभूत सिद्धान्त)	100	—	100	एक	100	100	200
3. तशरीहुल बदन (ऐनॉटमी)* प्रश्नपत्र (i)–तशरीह–I प्रश्नपत्र (ii)– तशरीह– II	225	200	425	दो	100 100	100	300
4. मुनाफ़िउल आजा (शरीर किया विज्ञान) प्रश्नपत्र (i)– मुनाफ़िअल आज़ा उमूमी वा हयाती कीमिया (सामान्य शरीर विज्ञान तथा जैव–रसायन विज्ञान) प्रश्नपत्र (ii)- मुनाफ़िउल आजा निज़ामी (शरीर विज्ञान)	225	200	425	दो	100 100	100	300

टिप्पणी: * तशरीहुल बदन प्रश्न पत्र– I: भ्रूण विज्ञान तथा आनुवांशिकी के मूलभूत ज्ञान जैसे गुणसूत्र, वंशानुक्रम की पद्धति, कोशिकाभवन तथा महत्वपूर्ण रोगों की आनुवांशिकी सहित संयोजक ऊतक, पेशी, स्नायु, ऊपरी तथा निचले अवयव तथा सिर तथा कंठ के अंगों का सामान्य वर्णन।

* तशरीहुल बदन प्रश्नपत्र– II: वक्ष, उदर तथा श्रोणि तथा विभिन्न अंगों की अनुप्रयुक्त तथा मन्द शारीरिक अनियमितताओं का सामान्य वर्णन।

21/6/23

द्वितीय व्यावसायिक							
1. तारीखे तिब (चिकित्सा का इतिहास)	100	–	100	एक	100		100
2. तहफ्फुजी वा समाजी तिब (रोधात्मक एवं सामुदायिक चिकित्सा)	150	100	250	एक	100	100	200
3. इल्मुल अदविया प्रश्नपत्र (i)– कुल्लियाते अदविया प्रश्नपत्र (ii)–अदविया मुफरादह	200	100	300	दो	 100 100	100	300
4. माहियातुल अमराज़ प्रश्नपत्र (i)– माहियातुल अमराज़ उमूमी वा इल्मुल जरासीम प्रश्नपत्र (ii)–माहियातुल अमराज़ निज़ामिया	200	200	400	दो	 100 100	100	300
टिप्पणी: * इल्मुल अदविया– I (अदविया मुफरादह), तहफ्फुजी वा समाजी तिब तथा महियातुल अमराज के क्रियात्मक अथवा प्रदर्शन हेतु छात्रों को तीन समूहों में विभक्त किया जायेगा। अदविया मुफरादह के प्रदर्शन हेतु छात्रों को अदविया संग्रहालय तथा वनस्पति उद्यान में नियमित रूप से नियुक्त किया जायेगा।							
तृतीय व्यावसायिक							
1. सम्प्रेषण कौशल	100	–	100	एक	100		100
2. इल्मुल सैदला वा मुरक्काबात प्रश्न पत्र (i)–इल्मुल सैदला प्रश्न पत्र (ii)–अदविया मुरक्काबात	140	100	240	दो	 100 100	100	300
3. तिब्बे कानूनी वा इल्मुल सामूम	100	50	150	एक	100	100	200
4. सारीरियत वा उसूले इलाज	80	140	220	एक	100	100	200
5. इलाज बित तदबीर	80	140	220	एक	100	100	200
6. अमराजे अत्फाल	80	50	130	एक	100	100	200
टिप्पणी: इल्मुल अदविया-II (इल्मुल सैदला वा मुरक्काबात) तथा तिब्बे कानूनी वा इल्मुल सामूम के प्रयोगात्मक परीक्षण हेतु छात्रों को दो समूहों में विभक्त किया जाएगा। दोनों विषयों में क्रियात्मक प्रति सप्ताह चार दिन होगा। इलाज बित तद्बार, सारीरियत तथा अमराजे अत्फाल के मैदानिक प्रशिक्षण हेतु छात्रों को अस्पताल में विभिन्न समूहों में नियुक्त किया जाएगा।							
अंतिम व्यावसायिक							
1. मोआलाजात प्रश्न पत्र (i)– अमराज–ए–निजाम–ए–दिमाग या आसाब तथा वाह, हुम्मियत प्रश्न पत्र (ii)–अमराज–ए–तानाफ्फुस दौरान–ए–खून, तौलीद–ए–दम, तिहाल प्रश्न पत्र (iii)– अमराज–ए–हज्म, बौल ओ तानासुल, अमराज–ए– मुताद्दीयाह	250	नैदानिक ड्यूटी (समूहों में) अस्पताल के विभिन्न अनुभाग में 3–4 घण्टे प्रतिदिन	–	तीन	 100 100 100	100	400
2. अमराजे निस्वान	100		–	एक	100	100	200
3. इल्मुल कबालत या नौमौलूद	100		–	एक	100	100	200
4. इल्मुल जराहात प्रश्न पत्र (i)–जराहत उमूमी प्रश्न पत्र (ii)– जराहत निजामी	150		–	दो	 100 100	100	300
5. ऐन, उज्न, अन्फ, हलक वा अस्नान	100		–	एक	100	100	200
6. अमराजे जिल्द व तजीनियात	100		–	एक	100	100	200

21/6/23

14 शिक्षण स्टॉफ हेतु अर्हताएं एवं अनुभव.- शिक्षण स्टाफ हेतु अर्हताये एवं अनुभव निम्नवत है:-

(I) अनिवार्य (क) विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय अथवा भारतीय चिकित्सा के सांविधिक मण्डल /संकाय/परीक्षा निकाय से यूनानी में उपाधि या उसके समकक्ष जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की अनुसूची में समाविष्ट/मान्य हों।

ख) विषय/संबंधित विशेष विषय में स्नातकोत्तर अर्हता जो भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् अधिनियम 1970 की अनुसूचियों में समाविष्ट/मान्य हों।

(II) अनुभव.- (क) प्राध्यापक के पद के लिय : सम्बन्धित विषय में कुल 10 वर्ष का अध्यापन अनुभव अथवा सम्बन्धित विषय में प्रवाचक /सहायक प्राध्यापक के रूप में 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव अथवा केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थान के अनुसन्धान परिषद् में नियमित रूप से सेवा में 10 साल के अनुसन्धान के अनुभव के साथ एक मान्यता प्राप्त जर्नल में पांच प्रकाशित पत्र।

ख. सह-आचार्य (प्रवाचक) के पद के लिए:

संबंधित विषय में कुल 5 वर्ष का अध्यापन अनुभव अथवा केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रदेश या विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय संस्थान के अनुसन्धान परिषद् में नियमित रूप से सेवा में 5 साल के अनुसन्धान के अनुभव के साथ एक मान्यता प्राप्त जर्नल में तीन प्रकाशित पत्र।

ग. सहायक-आचार्य(व्याख्याता) के पद के लिये:

प्रथम नियुक्ति के समय आयु 45 वर्ष से अधिक न हो एवं किसी अध्यापन अनुभव की आवश्यकता नही है।

टिप्पणी :- प्राथमिकता यूनानी में डॉक्टरेट उम्मीदवारों को दी जाएगी।

घ. यूनानी की अपेक्षित विशिष्टता जैसाकि कॉलम 2 की तालिका में उल्लिखित है में स्नातकोत्तर उपाधि धारक शिक्षकों की अनुपलब्धता की स्थिति में समवर्गी विषयों जैसा कि कॉलम 3 की तालिका में उनके सामने उल्लिखित है, डॉक्टर ऑफ मेडिसिन उपाधि धारक प्राध्यापक, प्रवाचक एवं व्याख्याता के लिए पात्र समझे जाएंगे -

क्रम संख्या	विषय	समवर्गी विषय
(1)	(2)	(3)
1.	तशरीहुल बदन	इल्मुल जराहत अथवा कुल्लियाते तिब
2.	मुनाफेउल आजा	कुल्लियाते तिब
3.	इल्मुल सैदला	इल्मुल अदविया
4.	तिब्बे कानूनी या इल्मुल सामूम	तहफ्फुजी या समाजी तिब अथवा मोआलाजात अथवा इल्मुल अदविया
5.	सरीरियात	मोआलाजात
6.	महियातुल अमराज	मोआलाजात अथवा कुल्लियाते तिब
7.	इलाज बिल तदबीर	मोआलाजात अथवा तहफ्फुजी या समाजी तिब
8	अमराजे जिल्द व तनीनियात	मोआलाजात
9.	अमराजे ऐन, उज्न, अनफ, हलक या असनान	इल्मुल जराहत अथवा मोआलाजात
10.	इल्मुल अत्फाल	मोआलाजात अथवा कवालत या अमराजे निस्वान

टिप्पणी 1: समवर्गी विषय का यह उपबन्ध सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि पांच वर्ष तक जारी रहेगा।

टिप्पणी :2 जिन शिक्षकों को पिछले विनियम के आधार पर पूर्व में पात्र माना गया था वह इन संशोधनों के आधार पर प्राध्यापक, प्रवाचक और व्याख्याता के पद पर नियुक्त अथवा प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे।

टिप्पणी :3 नियमित रूप से डाक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी.) धारक के अनुसंधान अनुभव को एक वर्ष के शैक्षणिक अनुभव के समान माना समझा जाएगा।

15. प्राग–तिब पाठ्यक्रम हेतु शिक्षकों की अर्हता .–

मूलभूत विज्ञान के विषयों हेतु–सम्बन्धित विषय में मास्टर ऑफ साईन्स (एम.एस.सी.) न्यूनतम 55 प्रतिशत अको के साथ

16. संस्था के प्रमुख (प्रधानाचार्य अथवा अधिष्ठाता अथवा निदेशक) के पद के लिए अर्हता.–

(1) अनिवार्य: संस्था के प्रमुख (प्रधानाचार्य अथवा अधिष्ठाता अथवा निदेशक) के इन पदो के लिए प्राध्यापक पद के लिए निर्धारित अर्हता एवं अनुभव अनिवार्य होगा।

(2) वांछनीय: (i) कम से कम पांच वर्षो का प्रशासनिक अनुभव

(ii) यूनानी तिब के किसी विषय में मूल प्रकाशित कार्य; तथा

(iii) अरबी या फारसी तथा अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान

17. यूनानी में परीक्षक की नियुक्ति.– सम्बन्धित विषय में न्यूनतम तीन वर्ष के नियमित शिक्षण अनुभव अथवा सेवानिवृत्त अध्यापक अथवा अनुसंधान अनुभव के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति को परीक्षक हेतु पात्र नहीं समझा जाएगा।

21/6/23

18. अरबी तथा सम्प्रेषण कौशल विषय हेतु अर्हता.–

(1) अरबी के शिक्षक के लिए– विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अरेबिक अथवा समकक्ष स्नातकोत्तर उपाधि

(2) सम्प्रेषण कौशल विषय के लिए– विधि द्वारा स्थापित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय पत्रकारिता अथवा जन संचार मे स्नातकोत्तर उपाधि अथवा डिप्लोमा अथवा अंग्रेजी भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि एवं कम्प्यूटर का कार्य साधक ज्ञान

क. नटराजन, नियंधक–सह–सचिव

[विज्ञापन III/4/असा./290(124)]

टिप्पणी:—अंग्रेजी एवं हिन्दी विनियम में कोई विसंगति पायी जाती है, तो अंग्रेजी विनियम मामतः भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् भारतीय चिकित्सा में शिक्षा के न्यूनतम मानक) (संशोधन) विनियम, 2016 को अन्तिम माना जायेगा।

CENTRAL COUNCIL OF INDIAN MEDICINE

Notification

New Delhi, the 7th November, 2016

No. 11-76/2016-Unani (U.G Regl.) In exercise of the powers conferred by clauses (i), (j) and (k) of sub-section (1) of section 36 of the Indian Medicine Central Council Act, 1970 (48 of 1970), the Central Council of Indian Medicine, with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Indian Medicine Central Council (Minimum Standards of Education in Indian Medicine) Regulations, 1986, namely:-

1. Short title and commencement.- (1)These regulations may be called the Indian Medicine Central Council (Minimum Standards of Education in Indian Medicine) Amendment Regulations, 2016.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Medicine Central Council (Minimum Standards of Education in Indian Medicine) Regulations, 1986, for Schedule III, the following Schedule shall be substituted, namely:-

"SCHEDULE III

(See regulation 7)

MINIMUM STANDARDS FOR KAMILE TIB O JARAHAT (BACHELOR OF UNANI MEDICINE AND SURGERY) COURSE

1. Aims and Objects of Unani Education.- To produce competent Unani graduates of profound scholarship, having deep basis of Unani with modern scientific knowledge, in accordance with Unani fundamentals with extensive practical training so as to become Unani Physician and Surgeon and research worker fully competent to serve in the medical and health services of the country.

2. Eligibility for admission.- To seek admission in the respective course of Bachelor of Unani Medicine are as under-

(A) Admission to Kamile Tib O Jarahat course: A candidate seeking admission to main Kamile Tib O Jarahat (Bachelor of Unani Medicine and Surgery-B.U.M.S.) Course must have passed-

(a) intermediate (10+2) or its equivalent examination with at least fifty per cent. aggregate marks in the subjects of Physics, Chemistry and Biology and the candidate shall have passed 10th standard with Urdu or Arabic or Persian language as a subject, or clear the test of Urdu of 10th standard (wherever there is provision to conduct of such test) in the entrance examination conducted by the University or Board or registered Society or Associations authorized by the Government to conduct such examination;

(b) for reserved category or special category like physically handicapped students in 10+2, they shall be given relaxation in of Physics, Chemistry and Biology marks for admission in BUMS as per concerned State and Central rules;

(c) for foreign students any other equivalent qualification to be approved by the University shall be allowed: or

(d) the Pre-Tib examination of one-year duration.

(B) Admission to Pre-Tib course-A candidate seeking admission to one year Pre-Tib course must have passed-

(a) the Oriental qualification equivalent to Intermediate Examination (10+2)as specified in the Table below; or

TABLE

List of oriental qualifications in Arabic Persian equivalent to Higher Secondary or Intermediate or 12th Standard for the purpose of admission to Pre-Tib course of the Unani degree course

Sl. No.	Name of Institution	Qualification
1.	Lucknow University	Fazil–e-Adab or Fazil–e-Tafseer

21/6/23

2.	Darul Uloom Nadvatul-Ulma, Lucknow	Fazil
3.	Darul-Uloom, Deoband, Distt. Saharanpur	Fazil
4.	Al-Jameat-ul Salfiah, Markazi Darul-Uloom, Varanasi	Fazil
5.	Board of Arabic and Persian Examination, Uttar Pradesh Allahbad or Uttar Pradesh Madarsa Shiksha Parishad, Lucknow	Fazil
6.	Madarsa Faize Aam, Mau Nath Bhanjan, Azamgarh (U.P)	Fazil
7.	Darul Hadees, Mau Nath Bhanjan, Azamgarh (Uttar Pradesh)	Fazil
8.	Jameat-ul-Falah, Bilaria Ganj, Azamgarh (Uttar Pradesh)	Fazil
9.	Darul Uloom Ashrafia Misbahul Uloom, Mubarakpur, Azamgarh (Uttar Pradesh)	Fazil
10.	Jamia Sirajul Uloom, Bondhiyar, Gonda (Uttar Pradesh)	Fazil
11.	Jamia Farooquia, Sabrabad, via Shahganj, Distt. Jaunpur (Uttar Pradesh)	Fazil
12.	Madras University	Adeeb-e- Fazil
13.	Darul Uloom Arabic College, Meerut City (Uttar Pradesh)	Fazil
14.	Madarsa Mazahir Uloom, Saharanpur (Uttar Pradesh)	Fazil
15.	Government Madrasa-e- Alia, Rampur	Fazil
16.	Al-Jamiatul Islamiya, Noor Bagh, Thane, Mumbai	Fazil
17.	Al-Jamiat-ul Mohammediya, Mansoora, Malegaon	Fazil
18.	Al-Jamiatul Islamia Is-hat-ul-Uloom, Akkalkuan, Distt. Dhulia	Fazil
19.	Bihar Rajya Madarsa Shiksha Board, Patna	Fazil
20.	Jamia-tus-Salehat, Rampur (Uttar Pradesh)	Fazil
21.	Madarsa-tul-Islah, Saraimir, Azamgarh (Uttar Pradesh)	Fazil
22.	Jamia Darus Salam, Malerkotla (Punjab)	Fazil
23.	Khairul Uloom, Al-Jamiatul Islamia, Domaria Ganj, Distt. Siddharth Nagar (Uttar Pradesh)	Fazil
24.	Madarsa Darul Huda, Yusufpur, via Naugarh, Distt. Siddharth Nagar (Uttar Pradesh)	Fazil
25.	Jamia Islamia Almahad Okhla, New Delhi or Jamia Islamia Sanabil, Abul Fazal Enclave - II, New Delhi	Fazil
26.	Darul Uloom Arabiyyah Islamia, post Kantharia, Bharuch (Gujarat)	Fazil
27.	Darul Uloom Rashidia, Nagpur	Fazil

(b)the Oriental qualification equivalent to Intermediate Examination (10+2)recognised by State Government or State Education Board concerned.

3. Admission through Pre-Tib Course.-Admission may be made on a maximum of ten seats per year out of the total number of intake capacity permitted for Kamile Tib o Jarahat (Bachelor of Unani Medicine and Surgery-B.U.M.S.) to main course through Pre-Tib course. Rest of the seats may be filled up by following the eligibility criteria mentioned at clause 2(a).

4. Duration of course.- (A)Pre-Tib Course:The duration of Pre-TibCourse shall be one year.

(B) Degree (Bachelor of Unani Medicine and Surgery-B.U.M.S.) Course: The duration of Course shall be five years and six months comprising:-

(i) First Professional session	-	Twelve months
(ii) Second Professional session	-	Twelve months
(iii)Third Professional session	-	Twelve months
(iv) Final Professional session	-	Eighteen months.
(v) Compulsory Rotatory Internship		Twelve months

5. Degree to be awarded.- The candidate shall be awarded Kamile Tib o Jarahat (Bachelor of Unani Medicine and Surgery-B.U.M.S.) degree after passing all the examinations and completion of the prescribed course of study extending over the prescribed period, and the compulsory rotatory internship extending over twelve months.

6. Medium of instruction.-The medium of instruction for the course shall be Urdu or Hindi or any recognised regional language or English.

7. Scheme of examination.-(1) (a)The first professional session shall ordinarily start in July and the first professional examination shall be at the end of one academic year of first professional session;

(b) The first professional examination shall be held in the following subjects, namely:-

(i) Arabic and Mantiq wa Falsafa (Logic and Philosophy);
(ii) Kulliyat Umoore Tabiya (Basic Principles of Unani Medicine);
(iii) Tashreehul Badan (Anatomy);
(iv) Munafe ul Aaza (Physiology;

(c) The failed student of first professional shall be allowed to appear in second professional examination, but the student shall not be allowed to appear in third professional examination unless the student passes all the subjects of first

21/6/23

professional examination and maximum four chances shall be given to pass first professional examination within a period of maximum three years.

(2) (a) The second professional session shall start every year in the month of July following completion of first professional examination and the second professional examination shall be ordinarily held and completed by the end of month of May or June every year after completion of one year of second professional session;

